# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

**17 – 08 – 22**

**WEDNESDAY**



## 1. डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 131 वाँ सत्र हुआ शुरू



एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का 131वां संस्करण 16 अगस्त, 2022 से शुरू होगा।
कोलकाता और इंफाल के अलावा, गुवाहाटी 131वें संस्करण डूरंड कप की भी मेजबानी करेगा।
गुवाहाटी का इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम 17 अगस्त से 4 सितंबर के बीच कुल दस मैचों की मेजबानी करेगा।
उद्घाटन मैच एफसी गोवा और मोहम्मडन एससी के बीच शाम 7 बजे कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीरंगन में खेला जाएगा। शुरुआत में इमामी ईस्ट बंगाल और एटीके मोहन बागान को टूर्नामेंट शुरू करना था। लेकिन पूर्व क्लब के अनुरोध के बाद उनके मैच को फिर से शेड्यूल किया गया। 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है
टूर्नामेंट का नाम इसके संस्थापक सर हेनरी मोर्टिमर डूरंड के नाम पर रखा गया है। जिन्होंने 1884 से 1894 तक ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव के रूप में कार्य किया। यह पहली बार सशस्त्र बलों (ब्रिटिश भारत और मूल भारत के) के विभिन्न विभागों और रेजिमेंटों के लिए एक फुटबॉल टूर्नामेंट के रूप में शुरू हुआ।

डूरंड कप के 131वें संस्करण में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। सभी 11 इंडियन सुपर लीग क्लब डूरंड कप के इस संस्करण में भाग लेंगे। जिसमें आई-लीग की पांच टीमें और सशस्त्र बलों की चार टीमें शामिल होंगी। पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर डूरंड कप 2022 की मेजबानी करेंगे। इसके सिंगल-लोकेशन फॉर्मेट को पहली बार मल्टी-सिटी फॉर्मेट में बदला जाएगा।

## 2. भारत ने श्रीलंका को सौंपा पहला डोर्नियर विमान



भारत और श्रीलंका के बीच रिश्तों को और मजबूती प्रदान करते हुए भारत ने श्रीलंका को डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान सौंप दिया है। इस बाबत आयोजित समारोह में भारतीय नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भी मौजूद रहे।
कोलंबो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सटे कातुनायके में श्रीलंका वायु सेना के हवाई अड्डे पर आयोजित समारोह में वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे ने कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले के साथ श्रीलंका की नौसेना को समुद्री निगरानी विमान सौंपा। वाइस एडमिरल घोरमडे दो दिन की श्रीलंका यात्रा पर गए हैं। श्रीलंका की वायुसेना के प्रवक्ता कैप्टन दुशन विजयसिंघे ने कार्यक्रम में राष्ट्रपति

विक्रमसिंघे की मौजूदगी की पुष्टि की। श्रीलंका के अधिकारियों ने बताया कि भारत और श्रीलंका के बीच नयी दिल्ली में 2018 में हुए रक्षा संवाद के दौरान श्रीलंका ने अपनी समुद्री निगरानी क्षमताएं बढ़ाने के लिए भारत से दो डोर्नियर टोही विमान हासिल करने की संभावनाओं पर बातचीत की थी।

इस विमान को श्रीलंका की वायु सेना के 15 सदस्य ही उड़ा पाएंगे, जिन्हें चार महीनों तक भारत में खासतौर से प्रशिक्षण दिया गया है। इस दल में पायलट, पर्यवेक्षक, इंजीनियरिंग अधिकारी और टेक्नीशियन शामिल हैं। श्रीलंका की वायु सेना से जुड़ा भारत सरकार का तकनीकी दल इसकी निगरानी करेगा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भारत की इस पहल के लिए धन्यवाद देते हुए इसे दोनों देशों की नौ सेनाओं के बीच नए रिश्तों की शुरुआत करार दिया।

### 3. जम्मू-कश्मीर ने ग्राम रक्षा गार्ड योजना की शुरू



जम्मू कश्मीर के लिए ग्राम रक्षा गार्ड यानी विलेज डिफेंस गार्ड योजना 2022 को मंजूरी दे दी गई है। 15 अगस्त से आधिकारिक तौर पर ये योजना प्रभावी कर दी गई है। गृह विभाग जम्मू और कश्मीर ने सोमवार को अपने आदेश में ये जानकारी दी। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की इजाजत के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने विलेज डिफेंस गार्ड योजना 2022 को बनाने की मंजूरी दे दी है। अपने एक आदेश में गृह विभाग जम्मू और कश्मीर ने ग्राम रक्षा गार्ड को मंजूरी देते हुए कहा है कि आधिकारिक तौर ये योजना प्रभावी हो जायेगी। विलेज डिफेंस गार्ड के सदस्य जम्मू कश्मीर के गांवों में आतंकवाद से निपटने और सेना की मदद करने का काम करेंगे। इन्हें मानदेय भी दिया जाएगा।

कुछ महीने पहले जम्मू कश्मीर के भाजपा के नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर विलेज डिफेंस ग्रुप का पुनर्गठन करने की मांग की थी। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे विलेज डिफेंस गार्ड नाम दिया था। अब सरकार की तरफ से आधिकारिक मंजूरी मिलने के बाद विलेज डिफेंस गार्ड में सदस्यों को ग्राम रक्षा रक्षक के तौर पर नामित किया जाएगा।

जम्मू कश्मीर के नेता और केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने एक ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को विलेज डिफेंस गार्ड योजना को लेकर धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि 90 के दशक में जब जम्मू कश्मीर में आतंकवाद अपने चरम पर था, तब ग्राम रक्षा ग्रुप की स्थापना की गई थी। इसके सदस्य आतंक विरोधी अभियानों में सेना की मदद करने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब इसका पुनर्गठन कर और नाम

बदलकर ग्राम रक्षा गार्ड यानी विलेज डिफेंस गार्ड कर दिया गया है।

### 4. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2022 में रणवीर सिंह और शेफाली शाह को मिला बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस का अवार्ड




इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM)अवॉर्ड्स 2022 के विजेताओं की घोषणा की जा चुकी है. ऑस्ट्रेलिया में हर साल आयोजित होने वाले इस अवार्ड समारोह में भारत की कुछ सबसे प्रमुख और प्रशंसित फिल्मों, टीवी शोज और वेब सीरीज की स्क्रीनिंग करके इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का जश्न मनाता है. इस फेस्टिवल में रणवीर सिंह और शेफाली शाह को बेस्ट एक्टर और एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया. इस फेस्टिवल का अहम अट्रैक्शन अवॉर्ड्स नाइट है, जहां इंडियन सिनेमा और पिछले साल के ओटीटी के बेहतरीन कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानिक किया जाता है.

IFFM का 13वां वर्जन 12 अगस्त को शुरू हुआ था और ये अवॉर्ड समारोह 30 अगस्त को खत्म होगा. वहीं, इन-पर्सन इवेंट 20 अगस्त को खत्म होगा, जिसके बाद फेस्टिवल तकरीबन 10 दिनों तक जारी रहेगा. पलैस थिएटर में फेस्टिवल अवार्ड्स नाइट का आयोजन किया गया. ऋत्विक धनजियानी के जरिए होस्ट किए गए इस कार्यक्रम में कबीर खान की स्पोर्ट्स ड्रामा '83' और इसके स्टार रणवीर सिंह के साथ-साथ प्राइम वीडियो वेब सीरीज 'मुंबई डायरीज 26' और फिल्म 'जलसा' को बड़ी जीत मिली. 'जय भीम' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी'- जिन दो फिल्मों को सबसे ज्यादा नॉमिनेशन मिला, वो एक भी पुरस्कार जीतने में विफल रहीं.

### 5. भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने मंथन का शुभारंभ किया



देश के भीतर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों को सक्षम और सशक्त बनाने के विज़न के दायित्व का वहन करने वाले भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने मंथन मंच के शुभारंभ की घोषणा की है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) चार्टर के अनुरूप भारत के सतत लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उद्योग और वैज्ञानिक अनुसंधान तथा विकास पारिस्थितिकी तंत्र के बीच बड़े पैमाने पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

### 6. 85 साल में पहली बार फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ को किया निलंबित




विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण भारतीय फुटबॉल महासंघ (ए.आई.एफ.एफ.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फीफा के नियमों के गंभीर उल्लंघन की वजह से यह निर्णय लिया गया है। भारतीय फुटबॉल महासंघ को अपने 85 साल के इतिहास में पहली बार फीफा से निलंबन झेलना पड़ा है। ए.आई.एफ.एफ. को सस्पेंड करने का मतलब है कि अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप टूर्नामेंट जोकि देश में 11 से 30 अक्तूबर के बीच में आयोजित होने वाला था, अब तय समय पर नहीं होगा।

इसकी मेजबानी भारत से छीनी भी जा सकती है। इस महीने की शुरुआत में ही विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष (प्रशासकों की समिति/ सी.ओ.ए.) के हस्तक्षेप के कारण भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित करने की धमकी दी थी। इसके साथ ही फीफा ने अक्तूबर में होने वाले महिला अंडर-17 विश्वकप की मेजबानी के अपने अधिकार भी छीन लेने की चेतावनी दी थी।

ए.आई.एफ.एफ. के चुनाव फीफा परिषद के सदस्य प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व में दिसंबर 2020 तक होने थे, लेकिन इसके संविधान में संशोधन पर गतिरोध के कारण इसमें देरी हुई।

इसके बाद 3 अगस्त सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत चुनाव कराने का आदेश दिया था और कहा था कि निर्वाचित समिति (सी.ओ.ए.) 3 महीने की अवधि के लिए एक अंतरिम निकाय होगी। इस पर 5 अगस्त को फीफा ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को लेकर भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित करने की धमकी दी थी। फीफा के नियमों के मुताबिक सदस्य संघों को अपने-अपने देशों में कानूनी और राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए।

### 7. ब्रिटेन ओमिक्रॉन वैक्सीन को मंजूरी देने वाला पहला देश बना



ब्रिटेन (UK) ओमिक्रॉन वेरिएंट (Omicron Variant) के लिए वैक्सीन (Vaccine) को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ ब्रिटेन ऑमिक्रॉन वेरिएंट (UK Omicron Variant) के लिए वैक्सीन बनाने वाला पहला देश बन गया है। ब्रिटेन के दवा नियामक (एमएचआरए) UK Drug Regulator ने मॉडर्न (Moderna) द्वारा बनाए गए 'द्विसंयोजक' टीके को वयस्कों के लिए बूस्टर के रूप में मंजूरी दे दी गई है। वैक्सीन क्लिनिकल परीक्षण डेटा पर आधारित थी, जिसमें दिखाया गया था कि बूस्टर (Booster) ने ओमिक्रॉन

(बीए.1) (Omicron BA.1) और मूल 2020 वायरस दोनों के खिलाफ "एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया शुरू की।
ब्रिटेन के ड्रग रेगुलेटर ने इस बारे में मीडिया से बातचीत में बताया कि उसने कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के खिलाफ अपडेटेड मॉडर्ना वैक्सीन को मंजूरी दी है। ये ओमिक्रॉन वेरिएंट के साथ-साथ कोरोना वायरस के मूल रूप पर भी कारगर सिद्ध हुई है। इस तरह से ओमिक्रॉन वेरिएंट को टारगेट करने वाली मॉडर्ना वैक्सीन को मंजूरी देने वाला ब्रिटेन पहला देश बन गया। मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने एडल्ट्स् के लिए इसके बूस्टर खुराक के लिए टीके को मंजूरी दे दी थी।
मॉडर्ना वैक्सीन ने ब्रिटेन नियामक की सभी कसौटियों जैसे उसकी सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के मानकों पर खरी उतरी है। इसके साथ ही इस वैक्सीन से ओमिक्रॉन वेरिएंट के साथ-साथ वायरस के मूल रूप के खिलाफ भी मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के बेहतरीन संकेत मिले हैं। मॉडर्ना के सीईओ जून का कहना यह भी रहा है कि परीक्षण के आंकड़ों से इस बात का पता चला है कि इस वैक्सीन ने दो ओमिक्रॉन सबवेरिएंट, बीए.4 और बीए.5 के खिलाफ असरदार पाया गया था. कोरोना के इन नए वेरिएंट्स की वजह से यूरोप और अमेरिका में कोरोना के नए मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी।

## 8. लंदन में दादाभाई नौरोजी के घर को मिला 'ब्लू प्लैक' सम्मान




भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रतिष्ठित सदस्य रहे और ब्रिटेन के पहले भारतीय सांसद दादाभाई नौरोजी दक्षिण लंदन के जिस घर में करीब आठ वर्षों तक रहे, उसे 'ब्लू प्लैक' यानी नीली पट्टिका से सम्मानित किया गया है।
'इंग्लिश हैरिटेज' चैरिटी की योजना 'ब्लू प्लैक' लंदन की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को दिया जाने वाला एक सम्मान है। नौरोजी को यह सम्मान बुधवार को दिया गया और यह ऐसे वक्त में दिया गया है जब भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है।
नौरोजी 19वीं सदी के अंत में करीब आठ वर्षों तक लंदन के इस घर में रहे थे। "भारतीय राजनीति के पितामाह" (ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया) कहलाने वाले नौरोजी ऐसे वक्त में वाशिंगटन हाउस, 72 एनर्ले पार्क, पेंगे, ब्रोमली रहने गए थे जब वे वैचारिक तौर पर 1897 में भारत की पूर्ण आजादी के समर्थक बन रहे थे। लाल रंग की ईंटों से बने इस घर के बाहर अब एक पट्टिका लगी है, जिस पर लिखा है, "दादाभाई नौरोजी 1825-1917 भारतीय राष्ट्रवादी और सांसद यहां रहे थे।"
इंग्लिश हैरिटेज ने एक बयान में कहा, "नौरोजी सात बार इंग्लैंड गए और लंदन में अपनी जिंदगी का तीन दशक से अधिक का वक्त गुजारा। अगस्त 1897 में वह वाशिंगटन हाउस गए। यहां उनका अधिकांश वक्त वेल्बी आयोग के

सदस्य के रूप में काम करते हुए बीता। इस आयोग को ब्रिटिश सरकार ने भारत में व्यर्थ खर्चों की जांच करने के लिए गठित किया था। यहां रहते हुए 'पावर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' (1901) शीर्षक से उनकी थ्योरी प्रकाशित हुई थी।''

दस्तावेजों के अनुसार, वाशिंगटन हाउस लंदन में भारतीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र था, जहां कई भारतीयों को आमंत्रित किया जाता था। इंग्लिश हैरीटेज ने कहा, ''नौरोजी ने 1904 या 1905 में इस मकान को छोड़ा था। इसके साथ ही यह लंदन में उनका ऐसा मकान बन गया, जहां वह सबसे लंबे समय तक रहे।'' मुंबई में एक पारसी परिवार में जन्मे नौरोजी भारत और ब्रिटेन दोनों जगह एक प्रभावशाली और बुद्धिजीवी नेता थे।

### 9. भारत सरकार ने पंजाब और हरियाणा में उच्च न्यायालय के 11 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की




पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में ग्यारह अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया और इसके साथ ही इस साल विभिन्न उच्च न्यायालयों में कुल 138 न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। यह जानकारी कानून मंत्रालय ने दी। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों के नाम इस प्रकार हैं- निधि गुप्ता, संजय वशिष्ठ, त्रिभुवन दहिया, नमित कुमार, हरकेश मनुजा, अमन चौधरी, नरेश सिंह, हर्ष बांगर, जगमोहन बंसल, दीपक मनचंदा और आलोक जैन। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 13 अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश की थी, जिनमें से 11 को सरकार ने मंजूरी दी। कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि इलाहाबाद, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुवाहाटी, उड़ीसा और हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालयों में 26 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। नयी नियुक्तियों के साथ, सरकार ने इस साल अब तक विभिन्न उच्च न्यायालयों में 138 नियुक्तियां की हैं।

### 10. विलियम रुटो ने जीता केन्या का राष्ट्रपति चुनाव



केन्या में चुनाव आयोग के अध्यक्ष ने हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति विलियम रुटो को पांच बार के दावेदार रैला ओडिंगा पर विजेता घोषित कर दिया। अध्यक्ष ने बताया कि रुटो को 71 लाख यानी कुल 50.49 प्रतिशत मत मिले, जबकि ओडिंगा को पिछले मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण चुनाव में 69 लाख यानी 48.85 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। रुटो पिछले 9 साल से केन्या के उपराष्ट्रपति थे. गौरतलब है कि राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा एक दशक तक सत्ता में रहे। उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया. बता दें कि केन्या में राष्ट्रपति चुनाव के लिए दो करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों

ने रजिस्ट्रेशन कराया था। देश में खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतें, सरकारी कर्ज, बेरोजगारी और व्यापक भ्रष्टाचार जैसे आर्थिक मुद्दे चुनाव के केंद्र में था। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद ईंधन की कीमतों से यहां के लोग अधिक परेशान थे। देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है। अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं है।

## ONE LINER

**हाल ही में, ओमिक्रॉन वैरिएंट के अनुरूप कोविड -19 वैक्सीन को अधिकृत करने वाला पहला देश बन गया है** - यूनाइटेड किंगडम (UK)

**अफ्रीकी देश केन्या में हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है** - विलियम रुटो

**भारत ने, हाल ही में किस देश की नौसेना को, उसकी समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, एक डोर्नियर समुद्री टोही विमान उपहार स्वरुप भेंट किया है** - श्रीलंका

**एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट, डूरंड कप 2022 (131वां संस्करण) की मेजबानी करने वाले राज्य हैं** - पश्चिम बंगाल, असम और मणिपुर

**हाल ही में, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, पृथ्वी से लगभग 30 किलोमीटर ऊपर, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को फहराया है** - स्पेस किड्ज इंडिया

**बीसीसीआई के पूर्व सचिव, और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष, जिनका रांची (झारखंड) में निधन हो गया है** - अमिताभ चौधरी

**इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) ने हाल ही में किस देश के फुटबॉल महासंघ पर प्रतिबन्ध लगा दिया है** - भारत, (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ-AIFF)

**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में, राज्य के पाचवें हाथी रिजर्व के रूप में नामित किया गया है** - अगस्त्यमलाई हाथी रिजर्व

## QUIZ

**1. कौन सा देश ओमिक्रॉन वैक्सीन को मंजूरी देने वाला विश्व का पहला देश बन गया है?**

a) रूस

b) संयुक्त राज्य अमेरिका

c) यूनाइटेड किंगडम

d) चीन

**2. निम्नलिखित में से किस संगठन ने स्वतंत्रता दिवस 2022 अवसर पर, पृथ्वी से 30 किलोमीटर ऊपर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया है?**

a) स्पेस किड्ज इंडिया

b) स्पेस जोन इंडिया

c) स्पेक्ट्रा अकादमी

d) पेरियार विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र

**3. केंद्र सरकार ने किस राज्य के अगस्त्यमलाई क्षेत्र को, राज्य के पांचवें हाथी रिजर्व के रूप में नामित किया है?**

a) कर्नाटक

b) आंध्र प्रदेश

c) केरल

d) तमिलनाडु

4. हाल ही में फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'शेवेलियर डे ला लीजियन डी'होनूर' (Chevalier de la Legion d'Honneur) किसे दिया गया है?

a) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

b) विदेश मंत्री एस जयशंकर

c) शशि थरूर

d) मुकेश अंबानी

5. एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट, डूरंड कप के वर्ष 2022 के संस्करण में कुल कितनी टीमें प्रतिभाग कर रही है?

a) 10

b) 16

c) 18

d) 20

6. द्विपक्षीय अभ्यास 'उदारशक्ति' भारत और किस अन्य देश के बीच आयोजित किया जा रहा है?

a) रूस

b) जापान

c) सिंगापुर

d) मलेशिया

7. केन्या के राष्ट्रपति के रूप में किसे चुना गया है?

a) विलियम रुटो

b) रैला ओडिंगा

c) उहुरू केन्याटा

d) कलोंजो मुस्योका

The ACHIEVERS IAS ACADEMY